# District Health Society, West Champaran
# जिला स्वास्थ्य समिति, पश्चिम चम्पारण

Ref. No..........................                Date..................................

## Proceeding

उपस्थितिः— पंजी में संधारित।

स्थान—जिला पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ, प0 चम्पारण, बेतिया।
तिथिः— 17.10.2022
समयः 11:00 AM

**दिनांक 17.10.2022 को जिला पदाधिकारी—सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण, बेतिया की अध्यक्षता में जैव—चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के तहत गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :—**

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी—सह—अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण, बेतिया के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य गण का हार्दिक अभिनन्दन किया गया एवं बैठक की कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें निम्नलिखित निर्देश दिये गये :—

1. जैव चिकित्सा प्रबंधन नियमावली 2016 के प्रावधानों के अन्तर्गत अस्पतालों/नर्सिंग होम द्वारा सुनिश्चित किया जाय कि जैव चिकित्सा अपशिष्टों को यत्र—त्रत्र न फेका जाय, उन्हें ठोस अपशिष्टों के साथ मिश्रित नही होने दिया जाय। साथ ही उनके उचित निपटारन हेतु संबंधित सामूहिक जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार केन्द्र के साथ संबंध होकर नियमित उठाव सुनिश्चित किया जाय।
   **(अनुपालन—सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अनुमंडलीय अस्पताल/रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत)**
2. जैव चिकित्सा अपशिष्ट का पृथक्करण नियमावली में वर्णित कलर कोड़ के अनुरूप स्वास्थ्य संस्थान को किये जाने का निर्देश दिया गया, जिसमें जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित निपटान किया जा सके।
   **(अनुपालन—सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अनुमंडलीय अस्पताल/रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत)**
3. जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उठाव से संबंधित मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह के 5 तारीख को जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण बेतिया को अचूक रूप से उपलब्ध कराएँ जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अस्पतालों द्वारा जैव चिकित्सा प्रबंधन नियमावली 2016 के फार्म—प्ट में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, बिहार पटना को प्रतिवर्ष 30 जुन तक वार्षिक प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।
   **(अनुपालन—सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अनुमंडलीय अस्पताल/रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत)**
4. Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur के द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों (APHC Level तक) में जैव चिकित्सा उपकरणों का सर्वे कार्य एवं उनका Unique Identification Number के साथ Bar-coding का कार्य किया जाना है, जिसमें सभी स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया।
   **(अनुपालन—सभी उपाधीक्षक,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत एवं Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur )**

5. सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को बिहार राज्य प्रदूषण पर्षद से प्राधिकार एवं Common Bio Medical Waste Treatment Facility से Tie up किये जाने का निर्देश दिया गया। इसकी वर्तमान स्थित निम्न रूपेण है :–

| Sl. No. | Name of HCF(Sdh,RH,Chc,PHC) | Reg. applied on BPCB | Reg. on BPCB | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PHC Bagaha-01 | Yes | In Process | |
| 2 | PHC Bagaha-02 | Yes | In Process | |
| 3 | PHC Bairiya | Yes | In Process | |
| 4 | PHC Bhitaha | Yes | In Process | |
| 5 | PHC Bettiah | Yes | Done | |
| 6 | CHC Chanpatiya | Yes | Done | |
| 7 | RH Gaunaha | Yes | In Process | |
| 8 | RH Lauriya | Yes | In Process | |
| 9 | CHC Madhubani | Yes | In Process | |
| 10 | CHC Mainatand | Yes | Done | |
| 11 | CHC Majhauliya | Yes | In Process | |
| 12 | CHC Nautan | Yes | Done | |
| 13 | CHC Ramnagar | Yes | Done | |
| 14 | CHC Sikta | Yes | Done | |
| 15 | PHC Piparasi | Yes | In Process | |
| 16 | CHC Yogapatti | Yes | Done | |
| 17 | CHC Thakaraha | Yes | In Process | |
| 18 | SDH Bagaha | Yes | Done | |
| 19 | SDH Narkatiyagaj | Yes | Done | |

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक,अनुमंडलीय अस्पताल/रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत)**

6. समिति के द्वारा Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur के प्रतिनिधि को आदेशित किया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दोनो प्रकार के कलर कोडेड बैग (पीला एवं लाल) की उपलब्धता हर हाल में ससमय सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन–** Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur.)

7. Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur को निदेशित किया गया कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उठाव नियमित रूप से करना सुनिश्चित करें। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,हरनाटॉड,मधुबनी,पिपरासी,भितहॉ एवं ठकराहॉ में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उठाव यथाशीध्र प्रारंभ करायें।

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त कर दी गयी।**

ह0/–
जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण बेतिया

ज्ञापांक DHS/1184 बेतिया/दिनांक 26/10/2022

प्रतिलिपि : सभी स्वास्थ्य प्रबंधक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदा0, प0 चम्पारण जिला अंतर्गत को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : Medicare Environmental Management Pvt. Ltd, Muzaffarpur को सूचनार्थ एवं अनुपालार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाइ जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: अधीक्षक,राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया/जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी / अपर उपाधीक्षक–सह–सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी संचारी रोग/जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी/जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी सदस्य जिला स्तरीय BMW अनुश्रवण समिति, प0 चम्पारण, बेतिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल नरकटियागंज एवं बगहा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प0 चम्पारण बेतिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदा0, प0 चम्पारण, बेतिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : अपर निदेशक, BMW राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी–QA, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

17/10/22

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण,बेतिया

उप विकास आयुक्त
प0 चम्पारण, बेतिया

17.10.22

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, प0 चम्पारण बेतिया